गुरूवार की शाम रूक रूक कर होती रही बारिश, ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के कई ग्रामों में बरसे ओले

## बारिश की बौछार तो कहीं फसलों पर ओलों की मार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

गुरूवार की शाम मौसम अचानक ज्यादा खराब हो गया। गरज चमक के साथ तेज बारिश की बौछारें हुई। इसके साथ ही ओले भी बरसे। बारिश होने से जहां गर्मी से लोगों को राहत मिली वहीं फसलों में नुकसान होने की खबर भी रही। उमरियापान- ढीमरखेड़ा क्षेत्र में हवा के साथ तेजा बारिश हुईं जबकि कई जगह गरज चमक के साथ ओले भी गिरे।

गुरुवार की देरशाम उमरियापान, हरदी, देवरी पाठक, भनपुरा,मुरवारी सहित अन्य गांवों में बूंदाबांदी के साथ ओले गिरे।गरज चमक के साथ करीब 10 मिनट तक बेर के आकार के ओले गिरे। जिससे फसलों के नुकसान होने का खतरा बढ़ गया है। गेहूं, सरसों, मटर, अरहर व आलू की पिछेती फसल पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। आम के बौर भी झड़े हैं।सब्जियों को भी नुकसान है।किसानों का कहना है कि ओले की बारिश होने से फसलों को नुकसान है।

उमरियापान क्षेत्र में बीते रविवार से तेज गर्मी के बाद मौसम में ठंडक आई।बीच बीच में बादल भी छाए रहे लेकिन बुधवार की रात को ढीमरखेड़ा तहसील के खमतरा और सगौना में बूंदाबांदी शुरू हुई। जबकि गुरुवार को बादल छाने और धूप निकलने का क्रम जारी रहा।





देरशाम को उमरियापान में बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं ढीमरखेड़ा,सिमरिया, पोंडी खुर्द, कछार गांव छोटा,,खमतरा, सिलौंड़ी सहित दर्जनों से अधिक गांवों में बारिश हुई। जिससे कि खेतों में लगी फसलों को नुकसान की आशंका है। खेतों में लगी गेंहू की फसलें तैयार हैं और पकने की तैयारी में है। अचानक हवा और बारिश में खेतों में खड़ी फसलें खेतों में बिछ गई है। दलहनी फसलों को भी नुकसान हैं। जिन किसानों ने गेंहू की कटाई शुरू कर दिया है, उनकी फसल भीग गई है। वहीं जिन किसानों ने अलसी, सरसों, मसूर सहित दलहनी फसलों की कटाई कर खेतों में ही फसल को छोड़ दिया है, उन किसानों की उपज को भी नुकसान है। हवा में तो कई खेतों की फसलें दूसरे खेतों में उड़कर चली गई।





ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैंसवाही एवं झारापानी में तेज बारिश के साथ अधिक मात्रा में ओले गिरे जिससे दलहन एवं गेहूं की फसलों में नुकसान पहुंच। इससे पहले ढीमरखेड़ा ग्राम में बुधवार रात एवं गुरुवार शाम को आधा घंटे मूसलाधार बारिश हुई जिससे खेतों में पकी खड़ीी फसलों में तेज बारिश के चलते अधिक नुकसान पहुंचा है।

खबर संक्षेप



### रंगपंचमीं पर भी उड़ा गुलाल, मंदिरों में देर रात तक चली फागें

**उमरियापान।** रंगपंचमी का उत्साह भी उमरियापान सहित आसपास के क्षेत्र में देखने को मिला। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पंचमी की शुभकामनाएं दी। मंदिरों और देवालयों में देररात तक फागें चलती रही। उमरियापान के कुदवारी मोहल्ला में मंदिर में श्रद्धालुओं ने मातारानी को रंग गुलाल और प्रसाद चढ़ाया। इसके बाद एक- दूसरे को भी गुलाल लगाया और प्रसाद का वितरण किया। इसके अलावा झण्डा चौक सन्यासी महाराज मंदिर,बड़ी माई मंदिर सहित गांव में अन्य मंदिरों और देवालयों में देररात तक श्रद्धालुओं ने फागें गाई। वहीं उमरियापान के मंगल भवन में चौरसिया समाज के लोगों ने स्वजातीय लोगों को रंग गुलाल लगाकर रंगपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

### चोरी गया ट्रैक्टर तालाब के किनारे से बरामद



**कटनी।** बहोरीबंद पुलिस ने चोरी का ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि ग्राम झरौली एवं बंदरचुहा मंदिर के बीच तालाब के किनारे से चोरी गया टैक्टर बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक 19 मार्च को थाना बहोरीबंद में आशीष सेन पिता सुमेरा सेन 26 वर्ष निवासी कुंआ थाना बहोरीबंद ने रिपोर्ट किया कि 18 मार्च 25 की रात्रि करीबन 01 बजे मेरा डाईवर मेरी दुकान आशीष टेडर्स के सामने टैक्टर को खडा कर चाबी मुझे देकर चला गया था। जब मैं सुबह करीब 07 बजे सोकर उठा तो मुझे टैक्टर खडा नही दिखा। फिर आसपास एवं गांव मोहल्ले में तलाश किया था और फायनेंस एजेंसी से पता किया। फायनेंस कंपनी द्वारा भी मेरा टैक्टर नही ले जाना बताया गया। मेरा टैक्टर का नंबर पंजीयन क्रमांक MP 21 AB 3309 है। मेरा टैक्टर कोई अज्ञात चोर द्वारा मेरी दुकान आशीष ट्रैडर्स के सामने से चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर बहोरीबंद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये ग्राम झरौली एवं बंदरचुहा मंदिर के बीच तालाब के किनारे से चोरी गया टैक्टर MP 21AB 3309 कीमती 4,50,000 रूपये को बरामद किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक सुरेन्द्र शर्मा, सउनि अजय सिंह प्र०आर० रमेश सिंह, आर0 अतुल श्रीवास्तव आर0 दीपक सिंह की भूमिया रही।

### जुआ खेलते चार पकड़ाए

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा अवैध जुआ सट्टा खेलने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पांडे ने अपनी टीम के साथ एक जुआ फड़ पर छापा मार कार्यवाही करते हुए जुआरियों के खिलाफ करवाई की। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम करहिया कला में कुछ लोग रूपये-पैसो का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी तो कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। घेराबंदी कर 4 जुआरियों को जुआ खेलते पकडा गया। जुआरियो के पास से नगद रूपये नगद पत्ते जप्त करते हुये आरोपियो के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पांडे, प्रधान आरक्षक संतोष प्रजापति, भरत विश्वकर्मा, धर्मेंद्र यादव, आरक्षक लव कुमार उपाध्याय, संदीप भलावी, विकास कुमार की अहम भूमिका रही।

जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विकास कार्यों की रखी आधारशिला

## माधवनगर में 40 लाख रुपए के विकास कार्यो का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रयासों के तहत लगभग 40 लाख रुपये की सांसद निधि से बाबा माधवशाह हास्पिटल में पेवर ब्लाक कार्य, चंद्रलाल मदनानी के घर से राज फर्नीचर तक सीसी नाली निर्माण कार्य एवम संत कंवरराम वार्ड में मनोज कुमार से पी एम धर्मकांटा तक सी सी रोड के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन गुरुवार को दोपहर 2 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन के आतिथ्य में महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, कटनी विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, स्थानीय पार्षदगण व वरिष्ठ वार्डवासियों सहित नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।



### इनकी रही उपस्थिति

सांसद निधि से नगर पालिक निगम अंतर्गत माधव नगर के वार्डों में होने वाले विकास कार्यों के उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री विजय गुप्ता, माधवनगर मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, वार्ड के वरिष्ठ नागरिक दादा ताराचंद, भगवान दास, पूर्व मंडल अध्यक्ष वागीश आनंद, डॉ वी.एम.राजपाल, करमचंद आसरानी, अशोक शिवलानी, ठाकुरदास रंगलानी, जाड़ामल, मानती राम रामचंद्र कटारिया, गंगाराम कटारिया, एमआईसी सदस्य शिब्बू साहू, गोविंद चावला, राजू माखीजा, पार्षदगण रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, श्रीमती शकुंतला सोनी, श्याम पंजवानी, सांसद के सहायक विकास द्विवेदी सहित नगर निगम इंजीनियर पवन श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही।

### इन्होंने किया संचालन

कार्यक्रम का कुशल संचालन व आभार देवानंद असरानी ने किया।

### महाविद्यालय में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित



संविधान का अमृत महोत्सव मनाने की श्रंखला में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में गुरूवार को भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़- चढ़ कर प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.लवकुश सिंह, कार्यक्रम प्रभारी डॉ.रामनरेश वर्मा एवं महाविद्यालय के स्टाफ डॉ.शर्मिला गांगले ,डॉ. मुकेश झारिया ,डॉ. दादूराम साकेत, डॉ. राजेश कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में छात्र/ छात्राओं के द्वारा निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में अपनी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की गई। संविधान का अमृत महोत्सव मनाने में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं में हर्ष व्याप्त रहा।

## 23 केन्द्रों में 603 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 13 छात्र रहे गैर हाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हायर सेकेंडरी की कक्षा 12वीं की समाजशास्त्र विषय की परीक्षा 23 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। गुरुवार 20 मार्च को आयोजित हायर सेकेण्डरी समाजशास्त्र विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 603 में से 591 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए गठित निरीक्षण दलों का परीक्षा केन्द्रों का गठन किया गया। वहीं परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्न पत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केंद्रों तक ले जाने व परीक्षा केंद्र में मोबाइल एप के माध्यम से किए जाने वाले कार्य की मॉनिटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को भेजने के निर्देश दिए गए।

### नहीं बने नकल प्रकरण

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनश्री जैन द्वारा उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय माधवनगर एवं तिलक राष्ट्रीय स्कूल का निरीक्षण किया गया। वहीं सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी एवं अभय जैन द्वारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री एवं एनकेजे स्कूल का निरीक्षण किया गया जहां परीक्षा सुचारू रूप से संचालित होना पाया गया। परीक्षा में नकल का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। सभी परीक्षा केंद्रों मे परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पाई गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के फल स्वरूप बाह्य भीड़ एवं असामाजिक तत्वों की भीड नही दिखाई दी।

आबकारी अमले ने बड़वारा क्षेत्र के कई गांवों में की कार्रवाई

## 80 हजार रूपए की अवैध मदिरा एवं लाहन किया जब्त, 6 प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मदिरा के अवैध रूप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कलेक्टर के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत विगत दिवस आबकारी विभाग के दल द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 80 हजार रूपये की मदिरा एवं लाहन जब्त की गई।

जिला आबकारी अधिकारी श्री आर.के. बघेल ने बताया कि अवैध मदिरा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार 19 मार्च को निरीक्षण के दौरान आबकारी दल द्वारा आबकारी वृत्त बड़वारा.के ग्राम करौदी खुर्द, सलैया सिहोरा, बिचपुरा, करचुलिहा में अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के यहां दबिश दी गई। आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा दबिश की गई कार्यवाही में 12 केन बियर, 10 पाव विदेशी मदिरा, 1 वाटल विदेशी मदिरा, 18 पाव देशी प्लेन मदिरा, 27 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 700 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर जब्त की जाकर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर मौके पर नष्ट किया गया। जब्त की मदिरा एवं लहान की अनुमानित राशि लगभग 80 हजार रुपये है। कार्यवाही के दौरान 6 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये।



कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी आबकारी उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार शुक्ला, अभिषेक सिंह बघेल, एस.डी सिंह, केशव प्रसाद उईके, सुश्री मोना दुबे, आबकारी आरक्षक देवेन्द्र प्यासी, राजेश गौटिया, एवं पुलिस स्टाफ एवं नगर सैनिक सम्मिलित रहे। अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

सीईओ की अध्यक्षता में डी.एल.सी.सी की बैठक का हुआ आयोजन

## योजनाओं के क्रियान्वयन में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करनें के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी शिशिर गेमावत की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट में डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं से संबंधित विभाग प्रमुख एवं लीड बैंक मैनेजर के साथ ही सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक की मौजूदगी रही।

बैठक में सर्व प्रथम जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत द्वारा सेन्ट्रल बैंक, यूनियन बैंक एवं आईडीबीआई बैंक के सीडी रेशों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सीडी रेशों कमजोर होने प्रदर्शित होने पर 31 मार्च 2025 के पूर्व सीडी रेशों पूर्ण करने के निर्देश संबंधित बैंक अधिकारियों को दिये गये।



बैठक के दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत लक्ष्य प्राप्त कर लिये गये है परन्तु मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान एवं सीजीटीएमएसई फीस बैंकों द्वारा विगत वर्षों के क्लेम करने की जानकारी दी जाकर बताया गया कि नोडल बैंक में पर्याप्त राशि उपलब्ध है, बैंकों को क्लेम करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि हितग्राही को अनुदान का लाभ मिल सके और प्रकरण एनपीए न हो।

बैठक में आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्रा, बंधन बैंक को मुद्रा केसीसी नही किये जाने पर नाराजगी जताई जाकर केसीसी का कार्य पूर्ण करनें हेतु निर्देशित किया गया। वहीं सेन्ट्रल बैंक द्वारा सभी योजनाओं में लक्ष्य अनुसार प्रगति कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी साथ ही मार्च समाप्ति के पहले लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। एलडीएम कटनी को सेंट्रल बैंक बरही द्वारा समस्त योजनाओं में स्वीकृत किये गये प्रकरणों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश सीईओ श्री गेमावत द्वारा दिये गये । बैठक के दौरान उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों द्वारा आर्थिक कल्याण योजनांतर्गत 01 लाख तक के लोन में 4 से 5 हजार तक का स्टाम्प ड्यूटी लगने के कारण आवेदकों को लोन देने एवं लेने में परेशानी का सामना करनें के कारण इन योजनाओं में लक्ष्य पूर्ण करने में कठिनाई आने की जानकारी से अवगत कराया गया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की जाकर योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। समस्त बैंक प्रतिनिधियों को योजनाओं में स्वीकृत प्रकरणों में शत-प्रतिशत वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया। सीईओ श्री गेमावत द्वारा उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित पीएमएफएमई योजना की समीक्षा के दौरान लक्ष्य पूर्ण न होने पर अप्रसन्नता जाहिर की जाकर समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करनें के निर्देश दिए गए। सभी विभागो एवं बैंकों को समस्त संचालित योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति के साथ ही अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में विशेष डीएलसीसी आयोजित करनें के निर्देश दिए। बैठक के दौरान नवीन सिंह, प्रबंधक आर.बी.आई., एल.डी.एम किन्डो, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिनेश मर्सकोले, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, अनुराग, मुख्य प्रबंधक, एसबीआई पवन गुप्ता, डायरेक्टर आरसेटी एवं आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्यानिकी विभाग, एन.आर.एल.एम., एनएलयूएम, पशु चिकित्सा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, समस्त बैंक प्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।

### टैक्स जमा नहीं करने वालों पर करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है जिसको दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार लक्ष्यानुसार राजस्व वसूली हेतु नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम कार्यालय व नगर निगम ज़ोन कार्यालय के अलावा शहर के सुभाष चौक में प्रतिदिन शिविर लगाये जा रहे जो कि अवकाश दिवसों में भी करदाताओं की सुविधा के लिए खुले रहेंगे।अतः नगर के ऐसे समस्त करदाता जिन्होंने अभी तक बकाया संपत्तिकर, जलकर एवं निगम स्वामित्व की दुकान किराया की राशि जमा नहीं की है,वे 31 मार्च के पूर्व शिविरों में पहुँच कर अपना बकाया कर राशि जमा कर निगम द्वारा की जाने वाली अप्रिय कार्यवाही से बचें। निगमायुक्त के निर्देशन में समस्त राजस्व टीम द्वारा सभी करदाताओं से संपर्क कर जमा किए जाने की अपील की जा रही है बड़े बकायादारों द्वारा राशि जमा नहीं की जा रही उन पर वारंट,तालाबंदी जैसी कार्यवाही भी की जावेगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत बरेली रामपुर जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा जिला कटनी(म'प्र)

**बाजार नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरेली रामपुर अंतर्गत मंगलवार के दिन लगने वाली साप्ताहिक बाजार बैठकी वसूली हेतु वर्ष 2025_26 ( 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) हेतु नीलामी दिनांक 25 मार्च 2025 दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत भवन में समय दोपहर 12:00 बजे से की जावेगी। बोली लगाने के लिए पूर्व नीलामी की राशि 10 प्रतिशत अमानत राशि पहले जमा करना। होगी नीलामी बोली लगाने वाले इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर बोली लगा सकते हैं। नीलामी की शर्ते एवं नियम कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा एवं पंचायत का निर्णय ही सर्वमान्य तथा अंतिम होगा।

(1) यजुबेंद्र कोरी - सी, ई, ओ, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा (2) सरोज त्रिपाठी सरपंच (3) राजेश कुमार पटेल सचिव (4) श्यामलाल पटेल उप सरपंच (5) युसूफ खान रोजगार सहायक एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बरेली रामपुर

## खबर संक्षेप



### भटक रहे बच्चों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**कटनी।** भटककर यहां वहां घूम रहे तीन नाबालिग बच्चों को पुलिस ने दस्तायाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। चौकी प्रभारी निवार नेहा मोर्य व्दारा हमराह स्टाप कस्वा भ्रमण दौरान व सूचना प्राप्त होने पर ग्राम ठरका रोड हमराह स्टाप के रवाना होकर सूचना की तस्दीक की गई जो ठरका रोड जंगल के पास से दो नवालिग लडकी 8 साल, 6 साल, एवं एक 4 साल को सुरक्षित चौकी लाकर पूछछताछ की गई जो अपने पिता का नाम बिष्णु सिंह निवासी ठुठिया सलैया थाना बडवारा का रहने वाले बताऐ जिससे सम्पर्क किया गया। नवालिक के पिता बिष्णु सिंह पुलिस चौकी निवार आये जो पूछने पर बताऐ कि ग्राम टिकरिया मे जगदीश पटेल के खेत मे काम करने पति पत्नी बच्चो को घर पर छोड कर चले गये थे। शाम को काम से घर वापस आने पर तीनो बच्चे नही मिलने पर तलाश कर रहे थे सूचना मिलने पर चौकी निवार आये है। तीनो बच्चों को पिता बिष्णु सिह के सुपूर्द किया गया । कार्यवाही मे उनि.नेहा मोर्य, सउनि.कमलेश्वर शुक्ला, सउनि. रमाकांत दुबे, आरक्षक अरविन्द कुशवाहा आर, बकील यादव की विशेष भूमिका रही।

### कर्मचारियों का लेखा प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रैल से

**कटनी।** जबलपुर संभाग के सरकारी कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र आगामी 01 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के सभी कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के 01 जुलाई 2013 एवं 26 फरवरी 2015 के परिपत्र के अनुसार अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं नियमित सेवा अवधि एक वर्ष पूर्ण कर ली हो, के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर के प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिये आवेदन 24 मार्च 2025 की शाम 05 बजे तक कार्यालय प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर सुपर मार्केट तीसरी मंजिल गंजीपुरा रोड जबलपुर में जमा किये जायेंगे। यह प्रशिक्षण म.प्र. शासन के सभी विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है एवं अर्धशासकीय, निगम, मण्डल एवं निकाय आदि के कर्मचारियों को म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2000 रुपये का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

### विधायक ने नदी पर पुल बनाने की मांग उठाई

**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने तीन विधानसभाओं के निवासियों की ओर से नदियों पर पुल बनाकर जनता के अधिक दूरी तय करने में लगने वाले समय एवं पैसों की बचत का मुद्दा उठाया है। उन्होंने बजट सत्र के दौरान सदन में आम जनता की ओर से याचिका प्रस्तुत करते हुए कहा कि विजयराघवगढ़ विधानसभा में कटनी नदी, महानदी एवं उमराड नदी पर घूंसुर से मुंहास,छिंदहाई पिपरिया से कुम्हरवारा एवं बकेली से गुडेहा मार्ग पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कराने का शासन से अनुरोध किया है। याचिका में बताया गया है इन तीनों पुलों के निर्माण होने से कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा सहित मुड़वारा एवं बड़वारा के अनेकों ग्रामों के निवासियों का खेती व्यापार सहित बहुत कामों सहित शासकीय काम से तहसील एवं जिला मुख्यालय आना जाना लगा रहता हैं पर इन स्थानों पर पुल न होने की वजह से जनता को 30 से 50 किलोमीटर तक का चक्कर लगा कर अपने गंतव्य पहुंचना पड़ता है जिसमें समय व वाहनों के पेट्रोल डीजल का खर्च अधिक उठाना पड़ता है। तीनों ही पुलों के बन जाने से इस परेशानी से निजात मिलेगी इसलिए शासन से आग्रह है विजयराघवगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले जनता के लिए अति महत्वपूर्ण उपरोक्त तीनों उच्चस्तगरीय पुलों का निर्माण अतिशीघ्र कराये जाने की कृपा करें।

---

खराब मौसम के बाद भी कलेक्टर ने विलायतकलां में 130 ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

# कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा चिंता न करें आपकी समस्याएं हल करने ही आया हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बेमौसम जारी तेज बारिश के बीच कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को गुरुवार को विलायतकला में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ धैर्यपूर्वक सुनां। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एस डी एम प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य जिला अधिकारी भी मौजूद रहे।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्री यादव यहां विलायतकला के ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर के प्रांगण में लगे टेंट के नीचे, ग्रामीणों के बीच बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। रुक -रुक कर यहां हो रही रिम-झिम बारिश के बीच कलेक्टर श्री यादव ने ग्रामीणों से कहा कि वे यहां मौजूद सभी लोगों से मिलेंगे, चिंता न करें, मैं यहां आप सभी से मिलने और समस्याएं जानने ही आया हूं। कलेक्टर श्री यादव विलायत कला में आयोजित जनसुनवाई सह लोक संवाद कार्यक्रम के दौरान 130 आवेदकों की शिकायतों और समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में परसेल निवासी काशीराम महोबिया नें कलेक्टर श्री यादव के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि विगत चार वर्षो से उनके यहां लगे विद्युत मीटर का देयक नहीं दिया गया, अचानक 20 हजार से अधिक राशि का देयक दिये जानें के कारण उक्त राशि जमा करनें में काशीराम नें असमर्थता जताई इस पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा विद्युत विभाग के सब इंजीनियर को आवेदन सौपते हुए विद्युत देयक में समय-सीमा में सुधार कराते हुए किश्तों में देयक राशि जमा करानें जानकारी से अवगत करानें के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत भुड़सा निवसी संजय सिंह एवं अन्य की विद्युत संबंधी एक अन्य शिकायत में विद्युत तार एवं खंभा सुधार करानें के निर्देश भी विद्युत विभाग के अधिकारी को दिए।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में ग्राम खरहटा निवासी सुरेन्द्र बर्मन पिता राजेन्द्र बर्मन द्वारा विकलांगता प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आवेदन दिये जाने पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदक का परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सुरेन्द्र का दिव्यांग प्रमाण पत्र पात्रता के अनुरूप बनाने के निर्देश दिए गए। वहीं विलायतकला निवासी कक्षा 9वीं की छात्रा कुमारी प्रिया की दिव्यांगता को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम कटनी को सीएसआर मद से मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान कराने के निर्देश दिए।

तहसील बड़वारा कैलाश प्रसाद पिता भूपत महोबिया द्वारा कलेक्टर श्री यादव के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उनके द्वारा पूर्व मे भी कई बार पीएम किसान सम्मान निधि का आवेदन भरे जाने के बाद भी अभी तक योजना का लाभ नहीं मिलनें की जानकारी दिये जाने पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा तहसीलदार बड़वारा एवं अधीक्षक भू-अभिलेख को आवेदन पर कार्यवाही करते हुए भूपत को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलानें के निर्देश दिए गए।

#### इन आवेदनों पर भी हुई सुनवाई

जनसुनवाई सह लोक संवाद कार्यक्रम के दौरान कृषकों को राहत उपलब्ध कराने, करेंट से मृत्यु होनें के पश्चात आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, अतिक्रमण, कृषि ट्रांसफार्मर की स्वीकृति प्रदान करनें सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई की जाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों पर कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए।

---



## शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यार्थी का दल हुआ रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही के प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं दल प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह के नेतृत्व तथा डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. राकेश दुबे, डॉ शिवानी बर्मन, पवन दुबे, कैश अंसारी एवं दीपक मिश्रा के सहयोग से महाविद्यालय के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों का दल अकादमिक उत्कृष्टता में वृद्धि के लिए शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ।

इस दौरान प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण दल विभिन्न स्थानों जैसे, भोपाल में वन विहार, मानव संग्रहालय, रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एवं उज्जैन में भी विभिन्न स्थानों पर जाकर वहां के शैक्षणिक महत्व के साथ साथ वहां किए जा रहे नवाचार से अवगत होने के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे, जो कि निश्चित रूप से विद्यार्थियों शैक्षणिक कौशल की वृद्धि में सहायक होगा। शैक्षणिक भ्रमण के सफल संपादन हेतु प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ आर जी सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, मनीष मिश्रा, डॉ रूपा शर्मा, संतोषी तिवारी, रावेंद्र साकेत, सोनम पाण्डेय, डॉ चंद्रभान विश्वकर्मा, आशीष तिवारी, महिमा तिवारी, अजय सेन, रवि साहू तथा स्टॉफ के सभी सदस्यों एवं रा. से. यो. स्वयंसेवकों ने शैक्षणिक भ्रमण के दल प्रभारी, सदस्यों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

---

*योजना के तहत मासांत तक जमा कर सकते हैं आवेदन*

## पीएम इंटर्नशिप योजना में युवाओं को मिलेगा कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024-25 के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत, चुने गए उम्मीदवारों को देश की टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों को इस योजना में जिले के युवाओं के पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगार परक बनाना है तथा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक वातावरण से अवगत कराना है, जिससे उन्हें व्यवहारिक कौशल एवं कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिले। इसके लिए आवेदन किए जानें की अंतिम तिथि 12 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दी गई है।

#### योजना के लिए पात्रता

इस योजना में आवेदन के लिए युवाओं की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके लिए 10वीं पास वह युवा आवेदन कर सकते हैं जो किसी पूर्णकालिक रोजगार या शिक्षा में संलग्न नहीं हैं। ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन करने वाले युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। जिन उम्मीदवारों के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक है, वे इस इंटर्नशिप के लिए पात्र नहीं हैं। यदि परिवार का कोई सदस्य स्थायी सरकारी सेवा में है, तो ऐसे परिवार का कोई भी युवा पात्र नहीं है।

इस योजना में आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। दूसरे चरण में होम पेज पर दिए गए रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। तीसरे चरण में अपना मोबाइल नंबर डालकर रजिस्टर करें। चौथे चरण में उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ जरूरी दस्तावेज अपलोड करें। पांचवें चरण में आवेदन पत्र की जांच कर उसे सबमिट करें और अंत में भविष्य के लिए आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लें। युवा योजना संबंधी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800116090 और पंजीयन में सहायता के लिये निकटतम शासकीय इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक या आईटीआई से संपर्क कर सकते हैं।

#### मिलेगा स्टाइपेंड

पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के तहत अभ्यर्थी को 5,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। इसके अलावा अभ्यर्थी को 6,000 रुपये की एकमुश्त धनराशि दी जाएगी। इंटर्नशिप अवधि 12 माह की होगी।

---

**बारिश के बीच विलायताकला में कलेक्टर ने की लोक सुनवाई**



बेमौसम जारी तेज बारिश के बीच कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को गुरुवार को विलायतकला में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ धैर्यपूर्वक सुनां। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एस डी एम प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य जिला अधिकारी भी मौजूद रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्री यादव यहां विलायतकला के ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर के प्रांगण में लगे टेंट के नीचे, ग्रामीणों के बीच बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

---

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर तिलक महाविद्यालय में आज होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन के निर्देशानुसार विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन 21 मार्च 2025 को भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के सहयोग से शासकीय तिलक महाविद्यालय में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने उपभोक्ताओं, स्कूल/कॉलेज के छात्र/छात्राओं को जागरूक एवं सक्रिय किये जाने हेतु वरिष्ठ एरिया मैनेजर, पश्चिम मध्य रेल्वे, उप नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला प्रबंधक एम.पी.स्टेट सिविल सप्लाईज कार्यालय, जिला विपणन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा



एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्रबंधक स्टेट बैंक, अधीक्षण अभियंता मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, नोड अधिकारी प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रबंधक दूरसंचार निगम, निरीक्षक नाप तौल विभाग, प्रबंधक गुप्ता गैस एजेंसी, उषा गैस एजेंसी, मून फिलिंग स्टेशन, भारतीय जीवन बीमा निगम, मुख्य पोस्ट मास्टर हेड पोस्ट ऑफिस सेल्स आफिसर एचपीसीएल, बीपीसीएल एवं आईओसीएल सहित उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण को अपने विभाग से संबंधित स्टॉल लगाकर प्रचार- प्रसार सामग्री सहित उपस्थित होने एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता के क्षेत्र में आवश्यक सहयोग प्रदान करनें का लेख है।

---

*मछुआ सहकारी समितियों के माध्यम से कराएं मत्स्य पालन*

## सहकारी समितियों के कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने सुदृढ़ीकरण के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मछली पालन हेतु मत्स्य पालन समितियों के गठन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री यादव ने सहकारी समितियों के माध्यम से प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप सहकार से समृद्धि की अवधारणा के तहत शत-प्रतिशत समितियों की कम्प्यूटराइजेशन कार्य की समीक्षा कर रहे थे।

कलेक्टर ने जिले में कार्यरत डेयरी सहकारी समितियों की संख्या में वृद्धि करने, नवीन सहकारी समितियों के गठन के भी निर्देश दिये ताकि जिले में दुग्ध व्यवसाय के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को रोजगार मिल सके और जिले में



डेयरी उद्योग को बढ़ावा मिले। बैठक में बताया गया कि जिले में 95 अमृत सरोवर और 260 पुष्कर सरोवर हैं। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि बारहमासी जल उपलब्धता वाले सरोवरों में मछली पालन गतिविधियां शुरू की जाये। इसके लिए आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में मछली पालन समितियों का गठन किया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 54 पैक्स समितियों में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की गयी है। जिसके माध्यम से बिजली बिल भुगतान, किसान सम्मान निधि के पंजीयन, मोबाइल रिचार्ज और डीटीएच रिचार्ज आदि के कार्य किये जा रहे हैं। इसके अलावा पैक्स समितियों की आय वृद्धि हेतु एलपीजी व्यवसाय समितियों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। जल्द ही जिले में पैक्स समितियों के माध्यम से जन औषधि केन्द्रों का संचालन भी शुरू किया जायेगा। साथ ही प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र की स्थापना के अंतर्गत कटनी जिले के 18 पैक्स समितियों में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र की स्थापना की गयी है। इन केंद्रों में स्मार्ट टीवी, चेयर, फ्लैक्स, रैक टेबल आदि की सुविधा भी मुहैया कराई गई है। निकट भविष्य में अनाज भण्डारण योजना हेतु भी 5 समितियों क्रमश पैक्स बड़वारा, चाका, कुआं, नन्हवारा सेझा और विपणन कटनी का चयन किया गया है। साथ ही नल-जल योजना संचालन हेतु भी 5 पैक्स समितियों का गठन किया गया है।

---

**किसानों से मिलकर राजस्व अधिकारी बता रहे फार्मर रजिस्ट्री के लाभ**

## सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं के लाभ हेतु फॉर्मर आई.डी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की समस्त योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रत्येक किसानों को फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप जिन किसानों की फार्मर आईडी अब तक नहीं बन पाई है उन्हें मिलने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर राजस्व अधिकारी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लाभ और सेल्फ पंजीयन करनें के तौर तरीकों की भी जानकारी दे रहे है।

#### कटनी टाप टेन में शामिल

किसानों को फार्मर आई.डी बनाने के मामले में कटनी जिला प्रदेश के 10 अग्रणी जिलों में शामिल है। यहां अब तक 1 लाख 39 हजार 138 किसानों की फार्मर आई.डी बनाई जा चुकी है। जो कुल निर्धारित लक्ष्य्ज का 79 फीसदी है। कटनी जिले में कुल 1 लाख 76 हजार 762 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत दर्ज हैं जिन्हें सम्मान निधि के रूप में 2-2 हजार रुपये साल में 3 बार मिलते हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि का भी लाभ मिलता है।

#### वन क्लिक पर मिलेगा कृषकों को लाभ

शासन स्तर की किसी भी प्रकार की योजना का लाभ किसानों को वन क्लिक में मिल जाए इस हेतु किसानों की आईडी बनवाई जा रही है। आईडी बनी होने से वास्तविक किसानों का डाटा सरकार के पास रहता है। कार्ड बनने के बाद किसान का एक यूनिक आईडी नंबर जनरेट होगा। जिसमे हर खातेदार का खसरा, हिस्सा, मोबाइल नंबर, आधार संख्या, ई-केवाईसी विवरण रहेगा तथा भू-अभिलेख में परिवर्तन होने पर पोर्टल पर जानकारी स्वतः ही अपडेट हो जाएगी।

#### फार्मर आईडी के लाभ

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित केंद्र की 6 योजनाओं के लिए अलग- अलग चक्कर नहीं लगाना होगा। सहायता योजना, कृषि ऋण योजना, मुख्यमंत्री किसान स्वास्थ्य कार्ड, कृषि मृदा मशीनीकरण योजना जैसे राज्य सरकार की योजनाओं के लिए अब सिर्फ एक फार्मर आईडी कार्ड ही देना होगा।

किसान आईडी फार्मर रजिस्ट्री एमपी मोबाइल एप से किसान द्वारा, फार्मर सहायक एमपी मोबाइल एप से स्थानीय युवा द्वारा, कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से के द्वारा, पटवारी लॉगिन में सारा एप के माध्यम से फार्मर आईडी बन सकेगी। फार्मर आई डी बनवाने हेतु स्थानीय युवा को शासन द्वारा मानदेय भी दिया जायेगा। उक्त फॉर्म सबमिट होने के बाद सत्यापन के बाद 24 घंटे में फार्मर आईडी किसान के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से आ जाएगी। फार्मर आई.डी हेतु कृषि भूमिस्वामी का बी-1, खसरा या ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, आधार पंजीकृत मोबाइल नंबर, समग्र आई.डी नंबर आवश्यक है।

#### पीएम किसान एवं अन्य कार्य

पीएम किसान का लाभ लेने हेतु पात्र किसानों को ई-के.वाय.सी कराना अनिवार्य है, यह कार्य वे किसी भी एम.पी ऑनलाईन, सीएससी मे जाकर अंगूठे अथवा ओटीपी के माध्यम से कर सकते हैं। ई-के.वाय.सी न होने से भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त से वंचित रहना पड़ सकता है।

पीएम किसान योजना के तहत किसानों के खातों में सीधा लाभ दिया जा सके इस हेतु आधार आधारित पेमेंट व्यवस्था की गई है । इसके लिये पात्र हितग्राहियों को अपने बैंक में जाकर डीबीटी सक्रिय कराना जरूरी हो गया है ताकि किसानों की एनपीसीआई की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। जिले में कई पात्र हितग्राहियों की एनपीसीआई किया जाना अभी भी लंबित है।

जिले के सभी कृषकों से आग्रह किया गया है कि निकटतम ग्राहक सेवा केंद्र सीएससी अथवा एमपी ऑनलाईन, या स्थानीय युवा अथवा ग्राम के पटवारी से शीघ्र संपर्क कर अपनी-अपनी फार्मर रजिस्ट्री, आई.डी. अनिवार्य रूप से बनवाने तथा लंबित ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कराने की कार्यवाही करें ।

---

### शिकायतों के निराकरण में जिला दूसरे स्थान पर

**कटनी** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले में कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में ए ग्रेड और 84.08 स्कोर के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया है। राज्य शासन द्वारा गुरुवार को जारी प्रदेश के सभी जिलों की ग्रेडिंग में रायसेन जिले ने प्रथम और कटनी जिले ने द्वितीय स्थान अर्जित किया है। जारी ग्रेडिंग के मुताबिक बीते फरवरी माह में कटनी जिले ने 49.8 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। आलोच्य अवधि में कुल 7 हजार 644 शिकायतें प्राप्त हुई थी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले को मिली इस उपलब्धि के लिये विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण हेतु की गयी कारगर प्रयासों की सराहना करते हुए इस मामले में और अधिक बेहतर प्रयास करने की बात कही है।

**पुलिस, जिला पंचायत व नगर निगम ने किया ए ग्रेड हासिल**

कलेक्टर श्री यादव द्वारा प्राथमिकता से सतत रूप से सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण की वजह से जिले के

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिलौंडी**
**जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा**
**जिला कटनी (म. प्र)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिलौंडी में लगने वाली साप्ताहिक बाजार की नीलामी वार्षिक अनुबंधानुसार मासिक देयक के आधार पर दिनांक 24.03.2025 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे से ग्राम पंचायत भवन नीलामी की जावेगी । नीलामी में बोली लगाने वाले इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंचकर बोली लगा सकते है ।नीलामी में बोली लगाने हेतु अग्रिम राशि जमा करना होगा ।अग्रिम राशि 50000 रुपया जमा करना होगा ।नीलामी राशि तुरंत भुगतान न करने पर, संबंधित को ब्लैकलिस्टेड व सुरक्षा निधि जप्त कर नीलामी प्रक्रिया पुनः की जावेगी । सबसे बड़ी बोली लगाने वाले को तत्काल ही राशि जमा करनी होगी ।नीलामी की शर्त और नियम ग्राम पंचायत में एवं रास्तों में चस्पा है ।

**पंचों संतोष कुमार**
**सिलौंडी सरपंच**

## खबर संक्षेप

### घटेरा के पीएम श्री हाईस्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण कैंप

**बनवार।** दमोह जिले के घटेरा में स्थित पीएम श्री हाई स्कूल में एक स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कैंप में, छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक उपचार किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में खून की कमी, आंख, नाक, कान, गले की जांच, मुंह की सफाई, कम दिखाई देना, बुखार, सर्दी, खांसी की जांच की गई। इसके अलावा, सेनेटरी पेड, आयरन, कैल्शियम की दवाइयां वितरित की गईं। बनवार सीएचओ उमा ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रोत्साहित किया। पीएम श्री स्कूल योजना के तहत, देशभर में 14,500 स्कूलों का विकास और उन्नयन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी भावना समाहित होगी।

### पुरानी कलेक्ट्रेट दमोह प्रांगण में कार्यक्रम आज

**दमोह।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज 21 मार्च को दोपहर 01 बजे से विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ता फोरम के सामने पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह प्रांगण में किया जायेगा। कार्यक्रम में संबंधित विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओ आदि की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जायेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से आज 21 मार्च को दोपहर 01 बजे से पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह में उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त किये जाने का आग्रह किया है।

### युवा संगम -रोजगार एवं अप्रिन्टिस मेला 25 मार्च को

**दमोह।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार विभाग भोपाल एवं जिला प्रशासन दमोह के निर्देशानुसार 25 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे से शासकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर रोड मारूताल (आई.टी.आई.) दमोह में जिला रोजगार विभाग, आई.टी.आई, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में, युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रिन्टिस मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वरोजगार योजनाओ से संबंधित जानकारी भी दी जायेगी एवं निजी क्षेत्र मे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जायेगे। साथ ही अप्रेंन्टिस के क्षेत्र की कंपनियो में भी रोजगार हेतु सीधी भर्ती की जाएगी। रोजगार के क्षेत्र में जैसे टेली नेटवर्किंग, विडियो एडिटिंग, टेलीरोल एजिकेटिव, सटरिंग कारपेन्टर, फिटर, मशीनिस्ट हेल्पर, अप्रिन्टिस बीमा अभिकर्त्ता, सेल्समेन, मशीन आपरेटर, गेटमेन, एक्स सर्विस मेन, सिक्यूरिटी गार्ड इत्यादि के पदो पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जायेगे।

परीक्षाः हटा विकासखंड में कक्षा नौवीं का 64.02 तो 11 वीं का 86.57 फीसदी रहा रिज़ल्ट

# शिक्षा विभाग ने घोषित किया कक्षा 9 वीं और 11 वीं का परीक्षा परिणाम

**कक्षा नवमी में मॉडल स्कूल हटा एवं 11वीं में काईखेड़ा का परीक्षा परिणाम रहा सौ फीसदी, वही हिनौता कला रहा सबसे फिसड्डी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

यूं तो अभी कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं अंतिम दौर में चल रही हैं, लेकिन शिक्षा विभाग ने कक्षा 9 वीं और 11 वीं की वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है। जिले के सभी विकासखंडों में मूल्यांकन के बाद ये परिणाम जारी किए हैं। जिसमें हटा विकासखंड के समस्त स्कूलों का कक्षा नौवीं का परिणाम इस बार 64.02 प्रतिशत तो कक्षा 11वीं परिणाम 86.57 प्रतिशत रहा है। खास बात यह है कि कक्षा नौवीं में करीब 35 फीसदी विद्यार्थी फेल हो गए है। जबकि 11वीं मे करीब 15 फीसदी विद्यार्थी फेल हुए हैं। कक्षा नौंवी और 11 वीं की परीक्षाओं के परिणाम में नगर का शासकीय मॉडल स्कूल और हायर सेकेंडरी काईखेड़ा स्कूल अव्वल रहा है। जबकि कक्षा 11 वीं और कक्षा 9 वीं के परिणाम में हायर सेकेंडरी स्कूल हिनोताकला फिसड्डी साबित हुआ है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष विकासखंड के 25 शासकीय हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में 3 हजार 275 छात्र छात्राओं ने सरकारी स्कूलों में पढ़ते हुए कक्षा नौवीं की परीक्षा दी जिसमें 2102 परीक्षार्थी ही पास हो पाए हैं। इसी तरह कक्षा ग्यारहवीं में 2092 छात्र-छात्राओं में से 1811 परीक्षार्थी पास हुए।

कक्षा नौवी और कक्षा 11 वीं के परीक्षा परिणामों में इस बार हटा विकासखंड के मॉडल स्कूल ने बाजी मारी है। कक्षा नौवीं में विकासखंड क्षेत्र के हायर सेकेंडरी स्कूल हनौताकला का सबसे खराब परीक्षा परिणाम 27.14 प्रतिशत रहा है। जबकि कक्षा 11 वीं का रिजल्ट 37.37 प्रतिशत रहा है। अब बात हटा के सीएम राइज विद्यालय की करे तो कक्षा नौवी का परीक्षा परिणाम 80.77 प्रतिशत तथा कक्षा 11 वीं का परिणाम 84.07 प्रतिशत रहा है। जबकि हटा पीएमश्री एमएलबी में कक्षा 9 वीं का परिणाम 66.06 प्रतिशत और कक्षा 11 वीं का रिजल्ट 95.47 प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार हाई सेकेंडरी नवीन स्कूल हटा में कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 46.01 प्रतिशत रहा एवं कक्षा ग्यारहवीं प्रतिशत रहा। वही मडियादो कक्षा नवमी 24.73% एवं कक्षा ग्यारहवीं 76.54 प्रतिशत रहा। काईखेड़ा कक्षा नवमी 77.78 प्रतिशत एवं कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा। रजपुरा कक्षा नवमी 71.21% एवं कक्षा ग्यारहवीं 96.03% रहा, वर्धा कक्षा नवमी 72.48 प्रतिशत एवं कक्षा ग्यारहवीं का 93.55 प्रतिशत, कांटी कक्षा नवमी 84.1 30% एवं 11वीं 88.97 प्रतिशत, गैसाबाद कक्षा नवमी 80.27 प्रतिशत एवं कक्षा ग्यारहवीं 98.73 प्रतिशत, रनेह कक्षा नवमी 72.64 प्रतिशत एवं कक्षा ग्यारहवीं 98.65 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इसी के साथ हाई स्कूल नावघाट हटा 37.01%, गौरीशंकर हटा 98.97 प्रतिशत, गौरीशंकर कन्या शाला 55.81%, रसीलपुर हाई स्कूल 67.35 प्रतिशत, विनती 41.86%, निमरमुंडा 63.41 प्रतिशत, भैंस 62.5%, मुहरई 53.77 प्रतिशत, खमरगौर 73.98 प्रतिशत, देवरी फतेहपुर 68.89 प्रतिशत, कलकुआं 55.26 प्रतिशत, बंधा 80% एवं पाली हाई स्कूल का 83.33 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।

इस संबंध में प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल बिदौलया का कहना है कि कक्षा नवमी और 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है जो स्कूल परीक्षा परिणाम में फिसड्डी रहे हैं इसकी समीक्षा करते हुए कारण जानेंगे और सुधार की कार्यवाही करेंगे।

## बांके बिहारी मंदिर में रंग पंचमी पर हुये आयोजन



**हटा।** रंग पंचमी पर ग्राम खेजरा खुर्द स्थित भगवान बांके बिहारी जी मंदिर में ब्रज की होली जैसा नजारा देखने को मिला मंदिर में भगवान बांके बिहारी के साथ फूलों की होली खोली गई एवं नगर के राधे-राधे मंडल के कलाकारों द्वारा रात्रि में रंगारंग होली के गीतों की जोरदार प्रस्तुति दी गई। मंदिर के पुजारी पंडित गफलू महराज ने बताया कि खेजरा खुर्द में बांके बिहारी का मंदिर कई वर्षों पुराना प्राचीन मंदिर है जहां पर भगवान राधा कृष्ण की सुंदर मूर्ति विराजमान है। यहां प्रतिवर्ष रंग पंचमी की रात्रि को होली उत्सव मनाया जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए रंग पंचमी पर भगवान बांके बिहारी का आकर्षक श्रृंगार कर भक्तों द्वारा गुलाल और फूलों से होली खेली गई। इसके उपरांत नगर की राधे राधे मंडल के कलाकार उमेश अग्रवाल, प्रतीक सिंह, जय सिंह सोलंकी, नितिन तंतुवाय एवं अन्य कलाकारों द्वारा जोरदार होली के गीतों की प्रस्तुति के साथ जबलपुर से आए कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण की संजीव झांकी के साथ फूलों की होली खेलते हुए नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मथुरा वृंदावन की झलक लोगों को देखने मिला जहां स्थानीय कलाकार उमेश अग्रवाल द्वारा ब्रज भाषा में फाग के मधुर गीतों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया, जिसका दर्शकों ने देर रात्रि तक आनंद और लिया।

## वीरांगना अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर किया पुष्प स्मरण

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में वीरांगना रानी अवंती बाई की 168वां बलिदास दिवस मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने उनके चित्र पर नमन करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी हमारे महापुरूषों वीरांगानों को अपना बता रही है जबकि अंग्रेजों को खदेड़ने में कांग्रेस पार्टी के नेताओ ने बलिदान दिये। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि नारी का रूप जिन्होंने दुर्गा माता का रूप रखकर अग्रेजों से देश को आजाद करने में अपनी महत्वपूर्व भूमिका निभाते हुए अपने प्राणो को न्योछावर कर दिया। पिछड़ा वर्ग के प्रदेश कार्डीनेटर राव लाखन सिंह ने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जिसके अनेक नेताओं ने वीरांगनाओं ने देश की खातिर बलिदान दे दिया। तिलक सींग राजेश तिवारी, संजय चौरसिया, आशीष पटेल, वीरेन्द्र राजपूत, अमर सींग, भूपेन्द्र आजवानी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बसंत कुशवाहा, मंजीत यादव, मुकेश रोहिताश ने भी उनके चित्र पर पुष्ट अर्पित करते हुए कहा कि आज के परिवेश में हमें अपने युवओं को यह सीख देना चाहिये कि किस तरह देश को आजाद कराने में हमारे महापुरूषों वीरांगनाओं ने देशहित में कितना योगदान दिया। इस अवसर पर शंभु राय, अनुज ठाकुर, इनायत अली, राजकुमार सिंह, कमला अहिरवार सहित अनेको कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के उपचार शिविरों में बुनियादी व्यवस्था सुदृढ़ की जायेः कलेक्टर

**तेंदूखेड़ा।** कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने आज जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नोहटा, तेजगढ़ एवं इमलियाघाट पहुँचकर गर्भवती महिलाओ के लिए पृथक से बनाये गये पंजीयन काउण्टर, स्वास्थ्य जांच-परीक्षण,बैठक एवं पेयजल आदि बुनियादी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में पहुँची गर्भवती महिलाओं का मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड एवं प्रदायित स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा इमलियाघाट में हितग्राहियों के लिए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। श्री कोचर ने नोहटा में हितग्राहियों के लिए पृथक से बनाये गये पंजीयन कक्ष, स्वास्थ्य जांच-परीक्षण, स्वल्पाहार एवं पेयजल व्यवस्था के लिए बनाये गये संकेतकों एवं प्रदायित की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। श्री कोचर ने इमलियाघाट पहुँचकर यहां स्वास्थ्य लाभ लेने पहुँची इमलियाघाट, टौरी, लकलका, मनका ग्राम की गर्भवती महिलाओं से उनकी स्वास्थ्य जांच के संबंध में जानकारी प्राप्त की। टौरी ग्राम की छः माह की गर्भवती महिला के मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड का अवलोकन किया एवं दी गई स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री कोचर ने यहां बनाई गई व्यवस्थाओं एवं दी जा रही सेवाओं के प्रति संतुष्टि जताई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को समुदाय के निकट ही गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल सुलभ रूप से मुहैया कराने के लिए चिन्हित 05 आयुष्मान आरोग्यम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र यथा सदगुवां, रनेह, नोहटा, इमलियाघाट, तेजगढ़ में महिला रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में विशेष महिला स्वास्थ्य जांच-परीक्षण, उपचार शिविर लगाये गये। इन विशेष स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य लाभ लेने पहुँची महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार एवं पौष्टिक स्वल्पाहार की व्यवस्था भी बनाई गई। गर्भवती महिलाओं, पलायन पश्चात वापस गांव आने वाली महिलाओं, अनियमित मासिक चक्र वाली महिलाओं के अलावा चिन्हित जोखिम वाली महिलाओं की फॉलोअप जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा पूर्णतः निःशुल्क की गई। शिविर में पहुँची गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था प्रेरित उच्च रक्तचाप, गर्भावधि दौरान डायबिटीज की पहचान के लिए स्वास्थ्य जांच-परीक्षण किया गया। इसके अलावा रक्त, पेशाब, ब्लडशुगर, मलेरिया, टी.बी., हिपेटाईटिस, एचआईव्ही जांच और चिकित्सक सलाह अनुसार अन्य आवश्यक जांचें की गई। शिविर में आयरन, कैल्शियम टैबलेट का वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इमलियाघाट में 108 महिलाएं लाभान्वित हुई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेजगढ़ में हिनोती, दिनारी, माडनखेड़ा, पतलौनी, हरई, सांगा ग्राम की 77 गर्भवती महिलाओं ने विशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच-उपचार का लाभ उठाया। इसमें 4 पलायन वाली महिलाएं शामिल रहीं। शिविर दौरान सी.बी.एम.ओ. डॉ. आर.आर.बागरी, बी.पी.एम. अनिल मौजूद रहे। इमलियाघाट में डॉ. पूर्वशी राय एवं तेजगढ़ में डॉ. प्रियंका शर्मा ने महिलाओ का स्वास्थ्य जांच-परीक्षण, उपचार सेवा दी। पथरिया एस.डी.एम. निकेत चौरसिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सदगुवां में गर्भवती महिलाओं को दी जा रही सेवाओं एवं बनाई गई व्यवस्थाओं के प्रति प्रसन्नता जताई। एस.डी.एम हटा राकेश मरकाम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रनेह पहुँचकर स्वास्थ्य शिविर में बनाई गई व्यवस्थाओं के प्रति संतोष जताया। इस दौरान सी.बी.एम.ओ. डॉ. यू.एस.पटेल मौजूद रहे। यहां डॉ नियती जैन ने शिविर में पहुँची 76 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित उपचार सेवा दी गई।



**वाहन बदलने से लेकर निजी अस्पताल भेजने का ले लेते हैं जिम्मा**

## सड़क हादसों में घायल के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे ही दलाल हो जाते हैं सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक में सड़क हादसों में के प्राथमिक स्वास्थ्य पहुंचते ही दलाल सक्रिय हो जाते हैं। वाहन बदलने से लेकर निजी अस्पताल तक भेजने की तैयारी भी कर लेते हैं। जिससे आम आदमी भी परेशान हो रहा है वहीं बीमा कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।हरिभूमि द्वारा कुछ दिन पहले एक मामला प्रकाशित किया गया था जिसमें बताया गया था कि सड़क हादसे के बाद पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंचती और बाद में जो घायल और मृतक लोगों के परिजन जानकारी देते हैं उसके आधार पर मामला दर्ज करके दूसरे वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर लिख दिया जाता है। इससे बीमा कंपनियों को बड़े स्तर पर चुना लग रहा है । खबर प्रकाशित होने के बाद नगर के लोगों ने हरिभूमि की खबर की जमकर सराहना की और अब ऐसा मामला बताया हैं जिसमें यह तय हो रहा है कि यह के सोची समझी प्लानिंग के साथ कार्य हो रहा है। और इसका खुलासा दो तीन दिन पहले शासकीय समुदायक केंद्र तेंदुखेडा में हुआ जब घटना में घायल व्यक्ति को जबलपुर ले जाते के लिए कुछ लोग आपसी विवाद करने लगे। विवाद करने वाले घायल के रिश्तेदार दोस्त नहीं बल्कि जबलपुर की निजी अस्पताल और क्लेम बनवाने वाले है जो नगर में पहले पूरी फील्डिंग जमा के रखे है। बाद में मरीजों को जबलपुर भेजते है ओर निजी अस्पतालों से कमीशन लेते है साथ ही जो घायल होते है उनके बीमा क्लेम में सहयोग करके कमीशन लेकर अच्छी खासी मोटी रकम कमा रहा है।

### ऐसे होता है विवाद

घटना होने के बाद जैसे ही घायल अस्पताल आते हैं ये परिजनो के पहले पहुंच जाते है और बाद में उनसे पहचान बनाने है। उनको वाहनों के संबंध में जानकारी देकर उपचार करने का आश्वासन देते है जिसपर परेशान परिजन उनकी बातो में आ जाते हैं। मगर कुछ दिन पहले दो दलालों ने परिजनों के अलग अलग साथियों से चर्चा कर ली और बाद में उसी को लेकर इन दलालों में विवाद होने लगा कुछ देर तक यह मामला अस्पताल परिषद में काफी गरमाया रहा और बाद में सुलह हो गई। मौजूद लोगो ने बताया विवाद कोई निजी बुराई को लेकर नहीं बल्कि घायल व्यक्ति के उपचार निजी अस्पताल में करने को लेकर हो रहा है।

### इनका कोई भी करता सहयोग

समुदायक स्वस्थ केन्द्र में ये लोग उसी समय आते हैं जब एक्सीडेट होते है यदि इनकी भावना जनहित और मानवता से जुड़ी होती तो प्रसूता महिलाओं के रिफर करने के समय मदद के लिए कोई भी आता अचानक उठे दर्द से पीड़ित मरीज की मदद करने कोई नहीं आता यदि आकस्मिक कोई ज्यादा बीमार हो जाता है तो उन मरीजों को उपचार के लिए परिषद से अंदर या अंदर से जबलपुर जाने के लिए वाहनों की खोजबीन के लिए परिजन दर दर भटकते रहते किंतु उनकी मदद के लिए कोई आगे नहीं आता किंतु यदि कोई सड़क हादसा हो जाये तो ये 108 वाहन से मरीजों को उतरकर निजी वाहनों में शिप्ट कर लेते जिससे इनका पूरा स्वार्थ सिद्ध हो जाता है।

नगर के लोगों ने कहा यह बहुत शर्म की बात है कि घटना ओर दुर्घटना में जो लोग घायल होते हैं या फिर उनकी मौत हो जाती है जिसपर आम लोग संवेदना व्यक्त करते हैं दुखी होते हैं मगर ये लोग मन में खुश होते है क्योंकि उनको उपचार और क्लेम में करवाने में कमीशन मिलता है।

### यह भी जुड़े है इनके तार

सूत्र बताते है हरिभूमि ने जो कुछ दिन पूर्व खबर प्रकाशित की थी वह पूरी तरह सत्य थी घटना पर वाहन इन्हीं लोगों की साठगांठ से पड़े रहते है और पुलिस मौके पर नहीं जाते क्योंकि कही न कही इनके सूत्र थाने से भी जुड़े हैं जो वाहन घटनाओं में क्षतिग्रस्त होते हैं या जिनके दस्तावेज नहीं होते ये लोग पुलिस से सैटिंग करके उनकी जगह परिजनो का सहारा लेकर वाहन बदलवा देते है। मगर इस सभी चक्रव्यू में बीमा कंपनियों को बड़े स्तर पर नुकसान हो रहा है जो देश की आर्थिक व्यवस्था बनाएं रखने में सहयोगी होती है।

पूरे मामले में तेंदुखेडा सी बी एम ओ डॉक्टर आर आर बागरी से बात की तो उन्होंने बताया आपको जो जानकारी मिली है वह पूरी तरह सत्य है मगर यह सब विवाद और मामले परिषद के बाहर होते है अस्पताल के अंदर नहीं। कही कही तो ऐसा देखने में आता है 108, निशुल्क सेवाओं के लिए खड़ी है। और घायल 108 वाहन से इन दलालों के कहने पर निजी वाहनों से घायल लोगों को जबलपुर ले जाते है। यदि घायल व्यक्ति 108 से जायेगा तो उसे मेडिकल ही जाना पड़ता है ।

## रानी अवंतीबाई लोधी का 167वां बलिदान दिवस: नोहटा में जीवंत नाट्य का आयोजन



**बनवार।** रानी अवंतीबाई लोधी के 167वें बलिदान दिवस पर जबेरा विधानसभा के ग्राम नोहटा में उनकी मूर्ति स्थल पर एक जीवंत नाट्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोधी क्षत्रिय समाज दमोह जिला अध्यक्ष भाव सिंह लोधी ने दीप प्रज्वलित किया और कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी किसी एक समाज की नहीं, बल्कि सर्व समाज की हैं और उन्होंने देश, समाज और राष्ट्र हित के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। इसके पहले रानी अवंती बाई बलिदान दिवस पर दमोह जटाशंकर में स्थित रानी अवंती बाई की मूर्ति पर पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह युवा मोर्चा लोधी समाज के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह ने माल्यार्पण किया। नोहटा बलिदान दिवस कार्यक्रम में वरिष्ठ उमराव सिंह, लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर यह आयोजन उनकी वीरता और समर्पण को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## बस से उतरते ही बुजुर्ग को बाइक ने टक्कर मारी



**बनवार।** दमोह के जबेरा बस स्टैंड पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां पीपर खिरिया निवासी एक 60 वर्षीय बुजुर्ग दुर्जन सिंह को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। घटना उस समय हुई जब बुजुर्ग बस से उतरकर सड़क पार कर रहे थे। घायल बुजुर्ग को जबेरा थाना मैं पदस्थ सहायक उप निरीक्षक गणेश दुबे ने स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में भर्ती कराया, जहां सिर में आई गंभीर चोट के चलते हालत गंभीर होने पर जबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटीरत डॉ रवि यादव के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया गया है। इस हादसे का कारण बस स्टैंड पर वाहनों के खड़े होने की वजह से होने वाले सड़क हादसे हैं। यहां पर बसें और अन्य वाहन सड़क के दोनों ओर खड़े होते हैं, जिससे यात्रियों को सड़क पार करने में परेशानी होती है और अक्सर हादसे होते रहते हैं। जबेरा थाना प्रभारी विकास चौहान ने बताया कि बस स्टैंड पर ऑटो पार्किंग की व्यवस्था करवानी सहित नॉनस्टॉप बसों को बाईपास से निकालने की व्यवस्था करवाई जाएगी और यात्री बसों को बस स्टैंड पर खड़े होने की कार्यवाही भी की जाएगी।

## रंगपंचमीं पर भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



महिला महासभा द्वारा रंगपंचमी पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। पूज्या दिव्या देवी के मुखारविंद से राधाबहू मंदिर में भजन गाये गये सभी महिलाएं भजन में आंनद मुग्ध होकर झूम उठी। इस बार समाज के बालक द्वारा केशियो पर भजन भी गाया गया अग्रवाल साथ में सभी सदस्यों को होली पर टाइटल दिये गये। एक दूसरे को गुलाल लगाई फूलों की होली एक साथ कृष्ण राधा साथ गुलाल की होली खेली गई प्रदेश महामंत्री रमा अग्रवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा (आपकी दिल की उदारता की तरह बड़ा हो होली का जश्न हम आयेंगे आपको रंग लगाने न करना कोई प्रश्न आपके लिए साथ ला रहे अबीर और गुलाल बताएं कौन सा रंग पसंद है हरा या लाल ) भगवान की आरती के साथ प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम में महासभा के प्रदेश महामंत्री रमा जिला अध्यक्ष तारामणि सागर संभाग उपाध्यक्ष रीतू उपाध्यक्ष किरण सुरेखा उप मंत्री अंजलि सह-सचिव वंदना मीडिया प्रभारी निशा समस्त पदाधिकारियों के साथ अखिल महासभा की अध्यक्ष सुमित्रा सांगागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल तरूण मंच से अनुज अग्रवाल महिला मिलन की अध्यक्ष कंचन उपाध्यक्ष सीमा सचिव मणि सपना सह-सचिव वीणा अग्रवाल समाज की अग्रवाल समाज की अधिकांश महिलाओं की उपस्थिति रही सभी ने धूम मचाकर होली खेली।

## विनय दूसरे बार बने युवा अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष नेहा और वरिष्ठ असाटी समाज अध्यक्ष बने वीरेंद्र असाटी

**दमोह।** असाटी समाज दमोह की निर्वाचन समिति ने फिर इस बार दमोह असाटी समाज की तीनों समितियों के चुनाव 19 मार्च को होली मिलन समारोह (रंगपंचमी) के अवसर पर निर्विरोध, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की प्रकिया की। बताया गया कि चुनाव में समस्याओं और समाधान में सहयोग प्रदान किया, सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया और सकारात्मक सहयोग देकर समाज की एकता और समन्वय को मजबूत का संदेश दिया गया. निर्वाचन समिति असाटी समाज दमोह के संयोजक राजेंद्र चंदू असाटी, सहसंयोजक श्रीमती शिवानी असाटी शिक्षक, दिनेश असाटी प्राचार्य, मुरारी असाटी लुहारी वाले, गणेश असाटी फुटेरा वाले (शिक्षक), अनंतराम असाटी (शिक्षक) और प्रिंस असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि



सर्वप्रथम युवा समिति, महिला समिति और वरिष्ठ असाटी समाज दमोह के चुनाव संपन्न हुए हैं. जिसमें विनय असाटी (पत्रकार) को सर्वसम्मति से युवा अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष श्रीमती नेहा भूपेंद्र असाटी और वरिष्ठ समिति समाज अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी (जिला अस्पताल) दमोह को निर्विरोध संरक्षक केएल असाटी, शिवराम गुप्ता, भगवानदास असाटी, कैलाश (अप्सरा), लालचंद असाटी, रमेशचंद असाटी, आलोक असाटी (पहनावा),श्रीमती नंदा असाटी, श्रीमती लता मुरारी असाटी, श्रीमती शोभा राजकुमार,श्रीमती अंजिता अंजनी, शैलू शैलेंद्र असाटी की मंच पर और सभी समाज बंधुओं की उपस्थिति में चुना गया है. जहां सभी को संरक्षक गणों, पूर्व समिति और समस्त असाटी समाज ने फूल माला पहनाकर बधाई, शुभकामनाएं दी.साथ ही युवा, महिला और वरिष्ठ असाटी समाज अध्यक्ष ने सभी माता-बहनों, संरक्षक गणों, पूर्व समिति, युवाओं युवतियों सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर समाज हित में जो भी कार्य होंगे, वह सभी के हित में आयोजित होंगे।

# शिविर में फैलाई जागरूकता

**दमोह। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों द्वारा मनाया गया। गौरैया दिवस टाईम्स महाविद्यालय की एन. एस. एस. ईकाई द्वारा दिनांक 17 मार्च से 23 मार्च तक सात दिवसीय शिविर के आयोजन में तीसरे दिन स्वयं सेवको द्वारा ग्राम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं शीर्षक के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अवाज उठाने का आग्रह किया तथा एवं चौथे दिवस विश्व गौरेया दिवस के अवसर पर गर्मी के मौसम में पक्षीयों के भोजन पानी की व्यवस्था करते हुए स्वंय सेवकों द्वारा वर्ड हाउस का निर्माण किया गया। तथा सकोर माध्यम से पेय जल की व्यवस्था करते हुए उनके घोसलों को सुरक्षित स्थान निर्धारित करने की बात कही। ग्राम वासियो को मानव जीवन में पक्षियों का पर्यावरण में महत्व बताते हुए उनके सरक्षण करने के लिये कहा, ग्राम वासियों ने स्वंय सेवको द्वारा बेटियों एवं पक्षियों के प्रति किये जा रहे प्रयासो की सराहना की एवं सहयोग प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### 40 हजार रूपये की अर्थदण्ड शास्ति अधिरोपित

**दमोह।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अवमानक खाद्य पदार्थ खोबा के विक्रय पर दोष सिद्ध होने के आरोप में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी मीना मसराम ने जिले के 01 अनावेदक पर 40 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी रावत (बुधौलिया) द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर तहसील व जिला मोह खजरी निवासी अनावेदक कमलेश कोरी पिता शिब्बू कोरी द्वारा अवमानक खोबा विक्रय करने के आरोप में 40 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। अधिरोपित शास्ति की राशि एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से ऑनलाइन चालान द्वारा शीर्ष 0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दण्ड आदि 0754 खाद्य एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगी। अधिरोपित शास्ति की राशि 15 दिवस में जमा की जाये। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर अधिनियम की धारा 96 के तहत भू-राजस्व की बकाया की भांति वसूल की जायेगी।

### समाजशास्त्र विषय का प्रश्न पत्र किया हल

**दमोह।** गुरुवार को जिले के 10 परीक्षा केंद्रों में हायर सेकेंडरी परीक्षा के अंतर्गत समाजशास्त्र विषय का प्रश्न पत्र संपन्न हुआ, इन केंद्रों में 873 विद्यार्थियों में से 857 विद्यार्थियों ने परीक्षा में अपनी उपस्थिति दी। 16 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई किसी भी तरह का कोई नकल प्रकरण नहीं बना सभी केंद्रों की जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की गई इसके अलावा जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय टीमों ने केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**दमोह।** दोपहर में अचानक बिजली तड़कने के बाद झमाझम बारिश हुई। इसी उपरांत दमोह सहित कई जगह आकाशीय बिजली गिरने से खेत किनारे खड़े भोपाल पिता पूरन सिंह लोधी उम्र करीब 50 वर्ष निवासी झरौली थाना नोहटा को गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी रत डॉक्टर ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया. जिसका कल सुबह पोस्टमार्टम कार्रवाई उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन

**दमोह।** सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के द्वारा दमोह की सामाजिक कार्यकर्ता माझी समाज की वरिष्ठ नेत्री स्वर्गीय श्रीमती शकुंतला रायकवार कौशल्या भाभी की श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन स्थानीय असाटी वार्ड नं.01 में आयोजित की गई। श्रंद्धाजलि सभा का संचालन मोंटी रैकवार, प्रहलाद रैकवार और आभार मदन रैकवार एवं घंसू रैकवार के द्वारा व्यक्त किया है। इस दौरान प्रमुख रूप डालीं रैकवार, विनय रैंकवार, पूजा रैकवार कार्तिक, कृष्णा, विट्टू सहित बड़ी संख्या में प्रमुख जनें शामिल रहे।

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में अपराधी के पैर में लगी गोली

# बदमाश ने पुलिस टीम पर चलाई गोली, चौकी प्रभारी के हाथ में लगी

### चौकी प्रभारी आनंद अहिरवार जबलपुर रेफर, तो वहीं आरोपी कासिम कसाई इलाज के लिये सागर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



गुरूवार को एक इनामी बदमाश द्वारा पुलिस एएसआई पर गोली से हमला होने का घटनाक्रम सामने आया है। जान पर संकट आते देख जवाबी कार्यवाही में एएसआई ने भी आरोपी पर फायर किया व उसे गिरफतार किया। दमोह पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात अपराधी कासिम को गिरफ्तार किया है। कासिम पर जिले में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने बताया कि थाना कोतवाली के विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपी कासिम पिता फिरोज खान उम्र 23 वर्ष निवासी कसाई मंडी दमोह को दमोह पुलिस टीम नागपुर से गिरफ्तार कर ला रही थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने दमोह के राजनगर तालाब के पास अवैध हथियार छिपा रखे हैं। पुलिस टीम आरोपी की निशानदेही पर हथियारों की जब्ती के लिए रवाना हुई। पुलिस ने आरोपी के बताए स्थान से तीन अवैध आग्नेय शस्त्र बरामद किए। जब पुलिस जब्ती की कार्यवाही कर रही थी, तभी आरोपी ने झाड़ियों से एक पिस्टल निकालकर पुलिस पर दो फायर किए। एक फायर हिंडोरिया थाना प्रभारी उनि. धर्मेन्द्र गुर्जर के बगल से गुजरा और दूसरा फायर सउनि आनंद कुमार के बाएं हाथ को छू गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी पर नियंत्रण करने के लिए फायर किया, जो आरोपी के दाहिने पैर में लगा। पुलिस ने तत्काल दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और उन्हें जिला अस्पताल भेजा। आरोपी को गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया है, जबकि एएसआई को जबलपुर भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी के खिलाफ जिले में पहले से ही लगभग 23 मामले दर्ज हैं। इस घटना ने दमोह में सनसनी फैला दी है। पुलिस अधीक्षक ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

#### परिजनों ने लगाया आरोप

कासिम के परिजनों ने इस एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया और चमन चौक पर जाम लगा दिया। परिजनों का कहना है कि कासिम को नागपुर से गिरफ्तार कर लाया गया था और जब वह पुलिस हिरासत में था, तो उसके पास हथियार कहां से आए? उन्होंने यह भी दावा किया कि जिस गौकशी मामले में कासिम को आरोपी बनाया गया, वह झूठा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती कासिम से उन्हें मिलने नहीं दिया गया और उसे कहीं और भेज दिया गया है।

## दो दिन से बदले मौसम से किसानों में टेंशन...

# बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता, कहीं खेतों में खड़ी फसल कही चल रही कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



गुरुवार को तेन्दूखेड़ा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला है बुधवार से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा लेकिन बुधवार की देर-रात क़रीब 9 बजे ग्रामीण क्षेत्रों और तेन्दूखेड़ा में बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। लेकिन गुरुवार की सुबह से ही बादलों के बीच धूप छांव का दौर जारी रहा है। लेकिन गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे से मौसम ने करवट बदली और बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया देखते ही देखते बूंदाबांदी तेज बारिश में बदल गई। यहां 4 बजे से तेंदूखेड़ा नगर में ख़बर लिखे जाने तक रुक रूक कर तेज बारिश का सिलसिला जारी रहा। अचानक से बारिश होने से लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली है वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों को खेतों में रखी फसलें खराब होने का डर सता रहा है। दरअसल मार्च के महीने में बारिश का होना गेहूं की फसल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है दमोह जिले के तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसान गेहूं की खेती करते हैं। इस समय खेतों खड़ी फसल पककर तैयार हो चुकी है और कटाई की प्रकिया शुरू होने वाली है तो कहीं कहीं कटाई भी शुरू हो चुकी है। लेकिन अचानक आई बारिश से फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। बारिश के कारण गेहूं की बालियों में नमी आ सकती है जिससे दानों का रंग काला पड़ सकता है और उनकी गुणवत्ता खराब हो सकती है। इससे किसानों को बाजार में उचित मूल्य मिलने में दिक्कत हो सकती है इस समय खेतों में चना मसूर गेहूं समेत अन्य फसलें लगी हुई है।

#### 25 मार्च से बढ़ेगी गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार, दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के एक्टिव होने के कारण इन दिनों मौसम में बदलाव आया है। एक टर्फ भी गुजर रहा है। एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो गया है। जिसके असर से दमोह समेत प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश का दौर शुरू हुआ है। 22 मार्च तक मौसम बदला रहेगा। इसके बाद पूर्वी हिस्से के पारे में गिरावट होगी। 25 मार्च से पूरे प्रदेश में गर्म का असर बढ़ेगा।

#### अप्रैल-मई में रहेगा गर्म हवाओं का असर

मार्च से गर्मी के सीजन की शुरुआत हो जाती है, अगले चार महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मार्च से मई तक 15 से 20 दिन हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। अप्रैल, मई में हीट वेव का असर ज्यादा हो सकता है।

## सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिंग में पहली बार दमोह जिला ए ग्रेड में आया-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा दमोह जिले में इस बार एक बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे अधिकारियों ने अर्जित की है वह सीएम हेल्पलाइन से जुड़ी हुई है। सीएम हेल्पलाइन के ग्रेडिंग में इस बार पहली बार पिछले 10 साल जब से सीएम हेल्पलाइन चल रही है, तब से पहली बार दमोह जिला ₹एए₹ ग्रेड में आया है। जिले के अंक जो है टोटल 80.7 है, जिससे दमोह ए ग्रेड में आया है और प्रदेश के टॉप 10 जिलों में हमारा शुमार हो गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने इस उपलब्धि के लिए सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को धन्यवाद और बधाई दी। उन्होंने कहा अधिकारियों-कर्मचारियों ने रात दिन मेहनत की शिकायतकर्ताओं से स्वयं बात की, शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक निराकृत कराया, इसी कारण से दमोह जिला आज ₹एए₹ ग्रेड में आया है। हमारा प्रयास रहेगा कि आगे अब इस श्रृंखला को कभी भंग न होने देंगे। लगातार दमोह ना केवल ₹एए₹ ग्रेड में आएं बल्कि दमोह जिला पूरे प्रदेश में नंबर वॅन बने, इस दिशा में काम करेंगे और अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टि से निराकरण कराना सुनिश्चित कराएंगे।



# माला जलाशय के अंदर खेती करने वाले किसानों को बेदखल करने का विरोध, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के ग्राम माला मानगढ़ के 500 आदिवासी किसानों ने माला जलाशय के अंदर खेती करने वाले किसानों को बेदखल करने के विरोध में जनसुनवाई में भाग लिया और मध्य प्रदेश के राज्यपाल, सागर के कमिश्नर, और कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि माला जलाशय का निर्माण 1928 में सुन्न नदी पर किया गया था और इसके कारण ग्राम माला मानगढ़ और इमलिया मानगढ़ के किसानों की भूमि डूब क्षेत्र में आ गई थी। किसानों ने बताया कि वे पिछले 100 वर्षों से जलाशय की अंदर डूब की खाली जमीन पर खेती कर रहे हैं और जल संसाधन विभाग का निर्धारित शुल्क भी दे रहे हैं। लेकिन इस वर्ष जल संसाधन विभाग द्वारा उन्हें शक्ति से रोक कर बेदखल किया जा रहा है, जिससे आदिवासी परिवारों पर भूखे मरने की नौबत आ गई है। किसानों ने आरोप लगाया है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी आदिवासियों को खेती से बेदखल करने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा इन तालाबों पर करवाई जा रही खेती जल संसाधन विभाग सबडिवीजन भजिया शीर्ष विकासखंड जबेरा संभाग दमोह के अंतर्गत, निर्मित जलाशय जबेरा, भजिया, सिंगपुर पोड़ी, कलरैवा, हरदुआ पौड़ी, करारिया, भाटखमरिया पिपरिया जुगराज, घाना मैली, मंगराई, जमुनिया, रीछई, जमनेरा, बहेरिया, एवं गाड़ाघाट, छोटी कटंगी निर्मित जलाशयों के अंदर, रबी फसल खेती कराई जा रही है, सिर्फ माला जलाशय सुन्न नदी के वेशन क्षेत्र में षड्यंत्र के तहत विभागीय अधिकारियों द्वारा आदिवासियों को खेती से बेदखल करआदिवासी समाज पर अत्याचार किया जा रहा है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन एवं राजनेतिक दल, किसान संगठन मोन है।

## टी बी मरीजों को तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं



**दमोह।** जिला कार्यक्रम समन्वयक दीपक सिंह राजपूत ने जिला क्षय केंद्र दमोह के टी बी वार्ड में भर्ती टी बी मरीजों को हर्बल गुलाल चंदन लगाकर उन्हें रंगों के त्यौहार रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी एवं जल्दी स्वस्थ हो उनके लिए भगवान से प्रार्थना की। सभी 12 टीबी मरीजों को प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत फूड बास्केट वितरित की गई। उक्त कार्यक्रम में स्टाफ नर्स श्रीमती सुषमा सोनी, श्रीमती ममता जी, पिरामल हेड लॉरेंस रायबोले उपस्थित रहे।

## बजरंग दल ने पिकअप वाहन में ठूंसकर भरे गए भैस के पडों को पकडकर किया पुलिस के हवाले



**तेंदूखेड़ा।** एक पिकअप वाहन में पांच भैस के पड़ो को भरकर जबलपुर ले जा रहे पिकअप वाहन को बजरंग के कार्यकर्ताओं ने नगर से 2 किलोमीटर दूर पकड़ लिया। बजरंग दल के कार्यकर्ता तेजी सिंह लोधी ने बताया कि दोपहर 2 बजे की बात है मैं और मेरा साथी लक्ष्मण यादव हर्रई पांजी से भौडी तरफ जा रहे थे तभी एक पिकअप क्र. एमपी 20 जीए 9002 का चालक तेन्दूखेड़ा तरफ से जबलपुर तरफ जा रहा था जो भौड़ी तिगड्डा हनुमान मंदिर के पास गाडी में से जानवरों के चिल्लाने की आवाज आ रही थी तब मैने एवं मेरे साथी लक्ष्मण यादव ने गाड़ी को रूकवाकर देखा तो उसमे 05 नग पड़ा जिनकी उमर करीव 02 से 04 वर्ष थी गाड़ी में ठूस, ठूस कर निर्देयता पूर्वक भरे हुये थे तब मैने एवं मेरे साथी ने गाड़ी के चालक का नाम पता पूछा गाडी के चालक ने अपना नाम मनीष यादव पिता राजेन्द्र यादव 25 निवासी करोदा नाला जिला जबलपुर का होना बताया। पुलिस ने 11(1) (घ) पशु कूर्रता अधिनियम का पाए जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान तेजी सिंह, लक्ष्मण यादव लच्छू, राजा खटीक, परसोत्तम रजक एवं अन्य कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

## रनेह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**दमोह।** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत हटा ब्लॉक के रनेह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आज महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया शिविर में रनेह सहित आसपास के कई गांव से पहुंची 78 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित, एनीमिया, खून की कमी, कमजोरी, गर्भावस्था के दौरान सहित अन्य बीमारियों की जांच कर आवश्यक परामर्श और निःशुल्क उपचार किया। शिविर का जायजा लेने के लिए हटा एस.डी.एम. राकेश मरकाम भी पहुंचे ,एस.डी.एम. ने केंद्र प्रभारी डॉ अनन्त कुमार चौधरी से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए, शिविर में डॉ पूजा चौबे, हर्षित दुबे, शिवानी चौरसिया सहित स्टाफ की मौजूदगी रही।

## बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री की नही हो पाई जांच

**पथरिया।** मध्यप्रदेश पूर्व विधुत वितरण कंपनी जबलपुर द्वारा सब स्टेशन बासाकलां में सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के पास पुराने कमरों में मरम्मत कार्य व कार्यालय के चहुंओर बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य कराया दिसंबर जनवरी माह में कराया गया जिसमें संबंधित ठेकेदार द्वारा रेत की जगह डस्ट का उपयोग किया साथ ही जो ईंट उपयोग की वह गुणवत्ता विहीन रही लेकिन निमार्ण कार्य देख रहे विभागीय अधिकारियों व उपयंत्री द्वारा कोई ध्यान नही दिया जिससे संबंधित ठेकेदार द्वारा उक्त बाउंड्री वॉल निमार्ण कार्य में गुणवत्ता हीन घटिया सामग्री का उपयोग कर लिया जिसकी अधिकारियों व सीएम हेल्पलाइन पर 7 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन आज तक एल 3 अधिकारी के पास शिकायत लंबित है सोचने वाली बात है कि उक्त निमार्ण कार्य में सामग्री की समय पर जांच नही की गई जिससे सामग्री लगा दी और छपाई पुताई कर काम पूर्ण हो गया पर अधिकारी अभी तक अपनी जांच नही कर पाए यही कारण है कि शासन द्वारा निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग हो जाता है और बाद में नाम के लिए जांच चलती रहती हैं विभाग के लाखों रुपए खर्च हो गए और घटिया सामग्री लगा दी गई।

## 13 विभाग के अधिकारियों की मासिक ग्रेडिंग अच्छी नहीं होने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाईन की जिले में मासिक ग्रेडिंग अच्छी नहीं होने के आरोप में 13 विभागों के अधिकारियों यथा पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की जिला पंजीयक सुश्री मोनिका नवरंग, वाणिज्यिक कर अधिकारी आकाश गुप्ता, उर्जा विभाग अधीक्षण अभियंता सुभाष कुमार नागेश्वर, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग श्रीमती ममता कतिया, जिला क्षय एवं उर्जा अधिकारी सतेन्द्र साहू के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, जिला शहरी आवास अभिकरण, जनजातीय कार्य विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, आबकारी विभाग एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र में कहा गया है संबंधितों द्वारा शिकायतों के निराकरण में की जा रही लापरवाही के फलस्वरूप जिले की ग्रेडिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, संबंधितों का उपरोक्त कृत्य सी.एम. हेल्पाईन के प्रति उदासीनता एवं आपकी स्वेच्छाचारिता को स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है। अतः कारण बतायें कि क्यों न आपके विरूध्द अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव सक्षम अधिकारी को प्रेषित किया जाये।

कलेक्टर श्री कोचर ने निर्देशित किया है कि तय समय सीमा में इस संबंध में उत्तर प्रस्तुत करें एवं अपनी विभागीय ग्रेडिंग व रैंक में सुधार करते हुए प्रगति लाई जाकर विभाग को ₹एए₹ ग्रेड में लायें। एवं रैंक मे सुधार नही होने की स्थिति अथवा उत्तर समाधान कारक नही होने की स्थिति में संबंधितों के विरूध्द म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करके सक्षम अधिकारी को प्रेषित की जायेगी जिसके लिए संबंधित स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## अस्मिता हॉकी लीग मे खेले गये तीन मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हॉकी मध्य प्रदेश के तत्वावधान मे अस्मिता महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता मे तीन मैच खेले गये। सुबह जबलपुर ग्वालियर के मध्य खेला गया जिसमे ग्वालियर टीम दो शून्य से विजय रही। खिलाडियो से परिचय प्राचार्य द्वय आभा नायक एवम वंदना चरण ने किया। दोपहर मे ग्वालियर रायसेन के मध्य हुआ जिसमे ग्वालियर ने शानदार प्रदर्शन कर तीन शून्य से विजय प्राप्त की। खिलाडियो से परिचय इंजीनियर अमर सिंह डा आरती पटेल एवं तहमीना मलिक से कराया। तीसरा मैच जबलपुर एवम बैतूल के बीच हुआ। खिलाडियो से परिचय पूर्व विधायक अजय टडन, शासकीय अभिभाषक मंटू जैन, अध्यक्ष रतनचंद जैन, तिलक सिंह, रजनी ठाकुर, एडवोकेट राजेन्द्र यादव से कराया। अतिथियो का स्वागत राजेश सालोमन, हरिशंकर यादव, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, असार, इमरान, शैलेन्द्र अरमान, मुहीद ने किया। सरोज राजपूत को अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धी हासिल करने पर हॉकी परिवार द्वारा सम्मानित किया। विकास जैन असार ने हॉकी प्रेमियो से उपस्थिती अपील की है।